### 18 लाख 96 हजार 346 मतदाता करेंगे नए सांसद का चुनाव

# लोकसभा चुनाव के लिए मतदान आज

जबलपुर।

चुनाव-प्रचार समाप्त होने के बाद अब फैसले की घड़ी आ गई है। आज अभूतपूर्व सुरक्षा के बीच जबलपुर के भावी सांसद को मतदाता ईवीएम (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) में कैद कर देंगे। जबलपुर संसदीय क्षेत्र से कुल 19 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे है। मुख्य मुकाबला भाजपा के आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के बीच है। मतदान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान दल मतदान सामाग्री लेकर अपने-अपने आवंटित मतदान केंद्रों में पहुंच चुके हैं। मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी लगे प्रचार सामग्री को सुबह से ही हटाना शुरु कर दिया गया था और शाम तक सभी झंडे, बैनर, पोस्टर हटा दिए गए थे। जबलपुर संसदीय क्षेत्र क्रमांक-13 के लिये आज सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

### 2 हजार 139 मतदान केन्द्रों पर पड़ेंगे वोट

जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने बताया कि जबलपुर संसदीय क्षेत्र के चुनाव के जबलपुर जिले में 9 सहायक मतदान केंद्रों सहित कुल 2 हजार 139 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें पाटन विधानसभा क्षेत्र के 303, बरगी के 286, सात सहायक मतदान केंद्रों सहित जबलपुर पूर्व के 231, जबलपुर उत्तर के 240, एक सहायक मतदान केंद्र सहित जबलपुर कैंट के 214, जबलपुर पश्चिम के 272, पनागर के 310 और एक सहायक मतदान केंद्र सहित सिहोरा विधानसभा क्षेत्र में 283 मतदान केन्द्र शामिल हैं।

### 19 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में जिले में 18 लाख 96 हजार 346 मतदाता 19 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिले के कुल



18 लाख 96 हजार 346 मतदाताओं में 9 लाख 63 हजार 065 पुरुष एवं9 लाख 33 हजार 186 महिला तथा थर्ड जेंडर के 95 मतदाता शुक्रवार 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। कुल मतदाताओं में 18 से 19 वर्ष की आयु के 38 हजार 459 मतदाता भी शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक जिले के पाटन विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 58 हजार 595 मतदाता लोकसभा चुनाव के मतदान में हिस्सा ले सकेंगे। इनमें 1 लाख 32 हजार 642 पुरुष, 1 लाख 25 हजार 949 महिला एवं 4 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। इसी तरह बरगी विधानसभा क्षेत्र के 2 लाख 44 हजार 700 मतदाता शुक्रवार 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे, इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 25 हजार 371, महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 19 हजार 312 और थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 17 है। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व के कुल 2 लाख 50 हजार 335 मतदाताओं में 1 लाख 26 हजार 483 पुरुष, 1 लाख 23 हजार 818 महिला एवं 34 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर के कुल 2 लाख 18 हजार 068 मतदाताओं में 1 लाख 09 हजार 983 पुरुष, 1 लाख 08 हजार 077 महिला एवं 08 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर कैंट में 1 लाख 88 हजार 806 मतदाताओं में पुरुष मतदाताओं की संख्या 95 हजार 280, महिला मतदाताओं की संख्या 93 हजार 518 एवं थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 08 है। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम के कुल 2 लाख 36 हजार 174 मतदाताओं में 1 लाख 19 हजार 190 पुरुष, 1 लाख 16 हजार 974 महिला एवं 10 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र पनागर के कुल 2 लाख 72 हजार 461 मतदाताओं में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 39 हजार 300, महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 33 हजार 158 एवं थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 03 है। जबकि विधानसभा क्षेत्र सिहोरा के कुल मतदाताओं में 2 लाख 27 हजार 207 मतदाताओं में 1 लाख 14 हजार 816 पुरुष, 1 लाख 12 हजार 380 महिला एवं 11 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं।

### 6 हजार से अधिक बुर्जुग और 22 हजार से अधिक दिव्यांग मतदाता

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिले की कुल मतदाताओं में 85 वर्ष से अधिक आयु के 6 हजार 666 तथा 22 हजार 241 दिव्यांग मतदाता भी शामिल हैं। इनमें से ऐसे 1 हजार 209 मतदाताओं जिनमें 260 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं जो निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से घर से मतदान करने की दी गई सुविधा का लाभ उठाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं।

### दो सौ मीटर के दायरे के बाहर ही होंगे निर्वाचन बूथ

लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के दिन मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए उम्मीदवारों को अपने निर्वाचन बूथ मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे के बाहर ही स्थापित करने की अनुमति होगी। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि मतदान दिवस पर उम्मीदवार अपने ऐजेन्टों और कार्यकर्ताओं के लिए मतदान केन्द्र से 200 मीटर की दूरी के बाहर मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए एक छतरी अथवा त्रिपाल के नीचे केवल एक मेज तथा दो कुर्सी रख सकते हैं ताकि वे अपना सिर धूप या वर्षा से बचा सकें। ऐसी मेज के आसपास भीड़ इकत्र नहीं होगी। आयोग ने मतदान के दिन कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर उम्मीदवारों के निर्वाचन बूथों की स्थापना के लिए दिशा-निर्देश भी दिये हैं।

### मतदान केन्द्रों में मोबाईल फोन प्रतिबंधित

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड़ में रखना होगा। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अति आवश्यक परिस्थिति में मतदान केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिये मोबाईल फोन का उपयोग कर सकेंगे। बूथ लेवल ऑफिसर को वोटर असिस्टेंट बूथ पर तैनाती के दौरान ही अपने मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति होगी।




## ईव्हीएम से भरे ट्रक में आग की हवा अफवाह उड़ी

**जबलपुर**। शहर के सोशल मीडिया पर यह खबर तेजी से वायरल हुई की जबलपुर में ईवीएम से लदे ट्रक में आग लग गई और मशीनें खाक हो गई हैं। जिसके बाद जबलपुर में यह खबर ट्रेंड करने लगी। लेकिन बाद में स्थिति साफ हुई कि ट्रक में आग लगी है, लेकिन यह ट्रक ईवीएम के लिये पानी की बोतल सप्लाई के लिये अनुबंधित किया गया था। एजिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा कि ट्रक में ईवीएम नहीं थी। कलेक्टर ने बताया ट्रक क्रमांक यूपी 65 डीटी 3924 नगर निगम द्वारा पानी की बोतल लाने के लिए अनुबंधित था। इस ट्रक से रात्रि में पानी की बोतल लाई गईं थीं। पानी की बोतल उतारने के बाद ड्राइवर नरेश के द्वारा ट्रक को कृषि विश्वविद्यालय के साइड वाली सड़क पर पार्प किया गया था। सुबह लगभग 9.30 बजे किसी तकनीकी खामी की वजह से ट्रक में आग लग गई। मौके पर मौजूद फायर फाइटर द्वारा तत्काल आग को बुझा दिया गया। कलेक्टर के अनुसार ट्रक में ईवीएम का परिवहन नहीं किया गया है। ईवीएम पूर्णतः सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा इस ट्रक में पानी की बोतलें लाई गई थीं।

## नेत्रहीन मतदाताओं के लिये ईव्हीएम की बैलट यूनिट में होंगे ब्रेल चिन्ह

**जबलपुर**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नेत्र दिव्यांग मतदाताओं की मतदान में भागीदारी सुनिश्चित कराने ईवीएम की नई मॉडल में अभ्यर्थी की क्रम संख्या दर्शाते हुए बैलेटिंग यूनिट की एकदम दाहिनी और ब्रेल चिन्ह दी गई है। आयोग द्वारा आकलित की गई आवश्यकतानुसार मतदान केन्द्रों को अभ्यर्थियों के नाम, उसकी राजनैतिक सम्बद्धता और क्रम संख्या वाला एक ब्रेल छदम मत शीट भी दिया जाएगा। ऐसे मामलों में पीठासीन अधिकारी नेत्रहीन मतदाता के अनुरोध पर उसे यह मतशीट सौंपेगा, ताकि वह अपने पसंद के अभ्यर्थी की क्रम संख्या जान सके, जिसके आधार पर वह सहयोगी पर निर्भर हुये बिना ब्रेल पट्टी की सहायता से स्वयं अपना मत डाल सके। यह ब्रेल मतशीट पीठासीन अधिकारी को लौटा दिया जायेगा, ताकि बाद में यदि कोई नेत्रहीन मतदाता आते हैं तो इसका इस्तेमाल किया जा सके।

## दिव्यांग और वृध्दजनों को मिलेगी प्रशासन की तरफ से वाहन सुविधा

जबलपुर।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दिव्यांग एवं अति वृद्ध मतदाताओं को मतदान दिवस पर घर से मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर ले जाने के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई गई है । मतदान केंद्र पर स्वयं जाने में अक्षम दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वाले अति वृद्ध मतदाता स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0761 2637501 पर कॉल करके ये सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपना वोटर आईडी कार्ड नंबर एवं पूर्ण पते की जानकारी देनी होगी।

### मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे में नहीं की जा सकेगी मतों की याचना

भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान के दिन मतदान केन्द्र पर और मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में स्थित किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थानों पर मतों की याचना को प्रतिबंधित किया है। आयोग के निर्देशों के मुताबिक कोई भी व्यक्ति मतदान के दिन मतदान केन्द्र के भीतर अथवा मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में न तो किसी मतदाता से मत की याचना कर सकेगा और न ही किसी उम्मीदवार के पक्ष या विपक्ष में वोट डालने की प्रार्थना कर सकेगा। आयोग ने मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे में शासकीय सूचनाओं के अलावा किसी अन्य तरह की सूचनाओं या चिन्हों के प्रदर्शन पर भी रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान के दिन मतदान केन्द्र के भीतर और मतदान केन्द्र के आसपास शोर-शराबा भी नहीं किया जा सकेगा। मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे में मेगाफोन अथवा लाउडस्पीकर के उपयोग को भी आयोग ने प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे के बाहर लगाये गये लाउडस्पीकर के उपयोग से यदि मतदान केन्द्र पर मतदान करने आने वाले लोगों को व्यवधान होता है अथवा मतदान कर्मियों को काम करने में कठिनाई होती है तो ऐसे स्थानों से भी लाउडस्पीकर्स को हटाने के निर्देश आयोग ने दिये हैं।

### मतदान के लिये जिले में आज सार्वजनिक अवकाश

राज्य शासन ने निगोशिएबल इन्स्टूमेंट एक्ट के तहत मप्र में लोकसभा चुनाव 2024 के सिलसिले में मतदान के दिन संबंधित संसदीय क्षेत्र के लिये सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। राज्य शासन द्वारा मतदान के दिन को सामान्य अवकाश भी घोषित किया गया है। जबलपुर संसदीय क्षेत्र में मतदान की तिथि 19 अप्रैल है अतः इस दिन अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशान विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। लोकसभा चुनाव में अंतर्गत मतदान के दिन 19 अप्रैल को कामगारों को सवैतनिक अवकाश देने के संबंध में श्रमायुक्त मप्र द्वारा परिपत्र जारी किया गया है।

### लोकसभा निर्वाचन

## पहले चरण के मतदान के लिये की गई हैं चाक-चौबन्द व्यवस्थायें



**जबलपुर**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के पहले चरण के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिये सभी 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में चाक-चौबन्द व्यवस्थायें की गई है। सभी मतदान क्षेत्रों में सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किये गये हैं।नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था के तहत जबलपुर एयरपोर्ट में चिकित्सा दल सहित एक एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। एयर एम्बुलेंस जबलपुर पहुंच चुकी है और शुक्रवार 19 अप्रैल की शाम तक जबलपुर एयरपोर्ट पर रहेगी। इसी प्रकार किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये एक हेलीकॉप्टर पुलिस लाईन बालाघाट में रखा गया है।

## नेत्रहीन और शिथिलांग व्यक्ति भी कर सकेंगे मतदान

जबलपुर।

लोकसभा चुनाव में अंधे या शिथिलांग मतदाता भी अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मतदान करने के लिए उन्हें अपने सहायक के तौर पर एक वयस्क व्यक्ति को मतदान कक्ष के भीतर ले जाने की अनुमति होगी, जो उसकी इच्छा के अनुरूप ही उसकी ओर से मत रिकार्ड करेगा ।

इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि पीठासीन अधिकारी को यह विश्वास हो जाये कि नेत्रहीनता या अंगशैथिल्य के कारण कोई मतदाता बिना सहायता के मतदान यूनिट के प्रतीकों को पहचानने में या उस पर अपना मत रिकार्ड करने में असमर्थ है तभी वह उस मतदाता को अपनी ओर से और अपनी इच्छानुसार मत रिकार्ड के लिए किसी वयस्क व्यक्ति को मतदान कक्ष में साथ ले जाने की अनुमति देगा। यह वयस्क साथी 18 वर्ष से कम आयु का नहीं होना चाहिए।

इसके साथ ही निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि नेत्रहीनता और अंगशैथिल्यता के अलावा मतदाता की निरक्षरता उसकी ओर से मत रिकार्ड करने के लिए उसे किसी साथी की सहायता प्रदान करने के लिए कोई पर्याप्त कारण नहीं है । नेत्रहीन या शिथिलांग मतदाताओं के साथी के रूप में काम करने वाला व्यक्ति मतदान के दिन केवल एक ही मतदाता के साथ के रूप में ही कार्य कर सकता है। साथी के रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति को पीठासीन अधिकारी के समक्ष विहित प्रारूप में इस आशय की घोषणा करनी होगी कि वह मतदाता की ओर से उसके द्वारा रिकार्ड किये गये मत को गुप्त रखेगा और यह कि उसने उस दिन किसी भी मतदान केन्द्र पर किसी अन्य मतदाता के साथी के रूप में कार्य नहीं किया है।

निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो अशक्त मतदाता ईवीएम की बैलट यूनिट पर अपनी पसंद के उम्मीदवार की बटन को दबाकर स्वयं मत डालने के लिये सक्षम है, उनको मतदान केंद्र में केवल वोटिंग कम्पार्टमेंट तक प्राधिकृत साथी को ले जाने की अनुमति होगी, न कि वोटिंग कम्पार्टमेंट के अंदर तक । यह ऐसे मामलों में लागू होगा जहां शारीरिक अशक्तता की प्रकृति ऐसी है कि मतदाता को केवल अपने चलने-फिरने के लिये सहायता की आवश्यकता होती है, न कि मतदान के लिये । पीठासीन अधिकारी को ऐसे मामलों में निर्णय लेना होगा ।



## गेहूं खरीदी बढ़ाने पर सरकार का जोर स्टाक 16 साल में निम्न स्तर पर

**जबलपुर**। सेंट्रल पुल में गेहूं का स्टाक एक अप्रैल की अवधि तक 75.02 लाख टन रह गया है। इससे पहले 2008 में 58.03 लाख टन गेहूं का स्टाक सेंट्रल पुल में बचा था, जो अब तक का न्यूनतम है। यानी 16 साल के मुकाबले अब सेंट्रल पुल में गेहूं का स्टाक निम्न सीमा पर है। इस बीच सरकार का ध्यान ज्यादा से ज्यादा गेहूं की खरीद पर लगा हुआ है।सरकारी स्टाक के लिए ज्यादा खरीद के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार ने निजी कारोबारियों को एमएसपी पर सरकारी खरीद जारी रहने तक बाजार से दूर रहने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने इस साल 372.9 लाख टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया है। हालांकि बाजार के जानकार इसे व्यवहारिक नहीं मान रहे। बाजार का अनुमान है कि 310 से 320 लाख टन के बीच खरीद अटक सकती है। कृषि मंत्रालय के अनुसार, देश में इस सीजन में गेहूं का उत्पादन 1120.2 लाख टन रह सकता है। जो कि एक रिकार्ड है। इस बीच आंकड़े जारी हुए उसके अनुसार 13 अप्रैल तक गेहूं की खरीदी का आंकड़ा 27.2 लाख टन तक पहुंचा है। यह बीते साल से 7 प्रतिशत बेहतर है। इसी अवधि में बीते वर्ष 25.5 लाख टन गेहूं सरकारी एजेंसियों ने खरीदा था। बीते कुछ दिनों में मप्र में सरकारी खरीद को झटका लगा है। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में हुई बरसात-बूंदाबांदी से खरीद प्रभावित हुई है। मध्य प्रदेश में बीते वर्ष इस अवधि में 20.06 लाख टन खरीद हुई थी जो इस साल 17.73 लाख टन रह गया है, जबकि सरकार ने सिर्फ मध्य प्रदेश से ही 80 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है।मप्र में सरकार समर्थन मूल्य 2275 पर 125 रुपये अतिरिक्त बोनस भुगतान भी करेगी। हालांकि व्यापारियों का कहना है कि छोटे किसान जो तुरंत नकद पैसा चाहते हैं, वे सरकारी खरीद को छोड़ मंडियों में ही गेहूं बेचना पसंद कर रहे हैं। दरअसल सरकारी खरीद में पहले टोकन मिलता है फिर उपज खरीद होती है। बाद में भुगतान आता है। उस पर भी बोनस आने में खासा वक्त लग सकता है। ऐसे में कई किसान लंबी प्रक्रिया की बजाय मंडियों में उपज बेचना पसंद कर रहे हैं।

**मप्र में खरीद घटने से केंद्र के लक्ष्य को झटका**

### आयोग ने लगाये वाहनों के उपयोग पर कई प्रतिबंध

## उम्मीदवार के वाहनों से मतदाताओं को ढोया नहीं जा सकेगा

जबलपुर।

निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदाताओं को वाहनों से ढोने पर प्रतिबंध लगाया है। आयोग के मुताबिक मतदान के दिन कोई भी उम्मीदवार, उसका निर्वाचन अभिकर्ता या उसकी सहमति से अन्य कोई भी व्यक्ति मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक ले जाने और वहां से वापस लाने के लिए वाहनों की सुविधा उपलब्ध नहीं करायेगा। आयोग ने कहा है कि यदि कोई उम्मीदवार ऐसा करता है तो वह भ्रष्ट आचरण माना जायेगा और इस प्रकार के भ्रष्ट आचरण पर उसे दण्ड दिया जा सकता है। इसके साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 133 के अधीन उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन वाहनों के दुरूपयोग को रोकने कई तरह के प्रतिबंध भी लगाये हैं । इसके अनुसार मतदान के दिन निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के निर्वाचन विधि का उल्लघंन करके वाहनों से मतदान बूथों तक ले जाने और वापस लाने पर रोक लगाने की दृष्टि से मतदान क्षेत्रों में मतदान के दिन सभी तरह के यंत्र चलित या अन्यथा चलित वाहनों



जिसमें टैक्सी, निजी कार, ट्रक, बस, मिनी बस, ट्रक, ट्रेक्टर, आटोरिक्शा, स्कूटर, स्टेशन वैगन आदि के संचालन को विनियमित किया है।

आयोग ने कहा है कि मतदान क्षेत्र में मतदान के दिन बस व मिनी बस जैसे सार्वजनिक परिवहन के वाहनों को चलाये जाने की अनुमति तो होगी लेकिन निश्चित मार्गों और निश्चित स्थानों के बीच ही इन्हें चलाया जा सकेगा। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निजी वाहनों एवं टैक्सियों को मतदान के दिन मतदान केन्द्रों को छोड़कर अस्पतालों, विमानपत्तनों, रेल्वे स्टेशनों, बस अड्डों मित्र या रिस्तेदारों के घरों, क्लबों, एवं रेस्टारेण्ट जैसे स्थानों तक यात्रियों को ले जाने के लिए चलने दिया जायेगा । लेकिन मतदाताओं के ढोने के लिए मतदान केन्द्रों के समीप छुपे तौर पर इन्हें आने नहीं दिया जायेगा। इन वाहनों के यातायात को इस प्रकार दूसरे मार्ग पर ले जाया जायेगा ताकि उनके दुरूपयोग पर प्रभावी रूप से नियंत्रण किया जा सके।

आयोग के अनुसार मतदान के दिन निजी उपयोग के लिए जिसका संबंध निर्वाचन से न हो, निजी वाहनों को चलाने की अनुमति होगी। इसके अलावा अनिवार्य सेवाओं के लिए प्रयुक्त वाहनों मसलन अस्पताल वाहन, रोगी वाहन, दुग्ध वाहन, पानी के टैंकर, विद्युत ड्यूटी वाहन, पुलिस वाहन को भी मतदान के दिन चलाये जा सकेंगे। आयोग ने निजी वाहन स्वामियों को या तो स्वयं के लिए या उनके अपने परिवार के सदस्यों के उनके मताधिकार के उपयोग के लिए मतदान केन्द्र परिसर तक निजी वाहन ले जाने की अनुमति दी है। लेकिन इस शर्त पर कि ऐसे वाहन मतदान केन्द्र के 200 मीटर के दायरे में केवल एक बार ही प्रवेश कर सकेंगे। आयोग ने मतदान के दिन वाहनों के उपयोग पर लगाये गये इन प्रतिबंधों का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है और कहा कि दुरूपयोग पाये जाने पर ऐसे वाहनों को जप्त कर लिया जायेगा।

### शाम तक अपने मतदान केंद्र पहुँच चुके थे मतदान दल

# चाक चौबंद व्यवस्था के बीच हुआ मतदान सामग्री का वितरण

**जबलपुर।** जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कल शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के मद्देनजर आज गुरुवार की सुबह जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर से मतदान कराने नियुक्त मतदान दलों को चाक-चौबंद वयवस्था और कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सामग्री का वितरण किया गया । व्यवस्थायें इतनी बेहतर थीं कि तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह लगभग 10 बजे से मतदान दलों की मतदान दलों की रवानगी भी प्रारंभ हो गई थी । दोपहर 12 बजे के लगभग आसपास के मतदान केंद्रों पर मतदान दलों का पहुंचना भी शुरू हो गया था और शाम होने तक सभी मतदान दल अपने मतदान केंद्र पहुँच चुके थे । कई मतदान केंद्रों पर मतदान दलों का फूलमाला पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत भी किया गया । मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिये तैनात किये गये कर्मचारी सुबह 4.30 के पहले जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय पहुँच चुके थे । मतदान सामग्री के साथ मतदान दलों को ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीन वितरित करने सुबह 4.30 बजे राजनैतिक दलों तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह की मौजूदगी में स्ट्रांगरूम खोले गये । ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को सुरक्षा बलों सुरक्षित रखने विधानसभावार बने स्ट्रांगरूम को खोले जाने के दौरान सबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी उपस्थित थे । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार मतदान दलों को सामग्री का





वितरण करने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में दो स्थान निर्धारित किये गये थे । कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंडियन कॉफी हाउस से पाटन, बरगी, जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर और सिहोरा विधानसभा के मतदान दलों को तथा जबलपुर केंट, जबलपुर पश्चिम और पनागर विधानसभा के मतदान दलों को कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के भवन के पीछे स्थित मैदान से सामग्री का वितरण किया गया । कलेक्टर दीपक सक्सेना स्वयं सामग्री वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखे हुये थे । उन्होंने सभी वितरण केंद्रों पर जाकर सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया । पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह एवं अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह भी इस दौरान उनके साथ थे । श्री सक्सेना सामग्री वितरण के दौरान मतदान कर्मियों से भी रू-ब-रू हुये, उनका हौसला बढ़ाया और सफलता पूर्वक मतदान कराने शुभकामनाएं दी । मतदान कर्मियों ने सामग्री वितरण व्यवस्था की तारीफ करते हुये कलेक्टर से कहा कि इससे उनमें उत्साह का संचार हुआ है और मनोबल भी बढ़ा है । जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में मतदान दलों को सामग्री वितरण करने विधानसभा वार बड़े-बड़े पण्डाल लगाये गये। मतदान दलों को मतदान सामग्री बांटने प्रत्येक मतदान केंद्र के लिये एक-एक टेबल लगाई गई, ताकि मतदान कर्मी आराम से बैठकर मतदान सामग्री प्राप्त कर सकें और इत्मीनान से उसका मिलान कर सकें । मतदान सामग्री के वितरण के लिये प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उतनी टेबल लगाई गई जितने उस क्षेत्र में मतदान केंद्र हैं । सामग्री वितरण के लिये बनाये गये पंडालों में बड़े-बड़े कूलर भी लगाये गये । सामग्री वितरण स्थल पर चिकित्सा दल भी सभी आवश्यक दवाओं के साथ तैनात किये गये थे । मतदान दलों में नियुक्त कर्मचारियों और मतदान दलों को मतदान केंद्रों तक पहुँचाने में इस्तेमाल किये जाने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को भी बेहतर तरीके से प्लान किया गया, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति न आये और आवाजाही में किसी को भी परेशानी न हों । मतदान दलों को मतदान केंद्र तक पहुँचाने 524 रुट निर्धारित किये गये हैं और इतनी ही छोटी-बड़ी बसों की व्यवस्था भी की गई । दो ट्रेक्टर और एक मोटरबोट का उपयोग भी मतदान दलों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में किया गया ।



## महिला मंडल ने मनाया गौड़ ब्राह्मण उत्सव

**जबलपुर।** महिला मंडल द्वारा 18 अप्रेल को गौड़ ब्राह्मण उत्सव मनाया गया, जिसमें मंडल गनगौर की सभी महिलाओं ने अपना पारम्परिक राजस्थानी परिधान लहंगा-चुनरी, सोलह श्रृंगार कर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी तारतम्य में गाजे-बाजे, नृत्य के साथ गनगौर का जुलुस भी निकाला गया, कान्ता सीठा, चाऊ शर्मा, लीना पचौरी, अनुजा, ममता एवं संगीता ने घूमर नृत्य कर चार चांद लगा दिये। अध्यक्ष श्रीमति रजनी उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन किया गया।

## बड़े फुहारे में हवन सामग्री वितरण जारी

**जबलपुर।** बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अंतर्गत 19 अप्रैल से हनुमान जयंती 23 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से रात 9:00 बजे तक हवन सामग्री जिसमे 60 से अधिक अदभुत जड़ी बूटियों का संकलन है निशुल्क वितरण लगातार जारी रहेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया हवन करने से वातावरण शुद्ध के अलावा कीटाणुओं का नाश होता है सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया विशेष मुहूर्त में एक आहुति ओम औषधि स्वाहा की अवश्य करें जिससे रोगों से मुक्ति मिलेगी मनोकामना सिद्ध होंगी।




## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**जबलपुर।** विश्व हिंदू परिषद विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख अजय चौरसिया ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल राम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाता है, इसी श्रृंखला में माँ नर्मदा जिला अंतर्गत गुप्तेश्वर प्रखंड आदि शंकराचार्य चौक पर राम दरबार की स्थापना एवं महाआरती की गई 17 अप्रैल को राम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें जिला मंत्री राकेश सिंह, जिला संयोजक रोहित चौकसे, विशाल नामदेव, मोनू सबलोक, वीरेंद्र राजपूत, राजा जायसवाल, साहिल विश्वकर्मा, राहुल राजपूत, लकी सोनकर, गोल्डी राजपूत, डब्बू जैन, अनुज केशरवानी, नितिन एवं क्षेत्रीयजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

### कृषि विवि में चल रहा शोध कार्य

## स्टीविया की पत्तियां ब्लड शुगर को करती है नियंत्रित




**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में औषधीय उद्यान में स्टीविया की खेती चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल औषधीय उद्यान प्रभारी डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी की देखरेख में स्टीविया की खेती की जा रही है। डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी ने जानकारी देते हुये बताया कि स्टीविया की खेती किसानों की आय का स्त्रोत ही नहीं, बल्कि डायबिटीज के मरीजों के लिये शक्कर का वैकल्पिक स्त्रात होने के साथ-साथ ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है। भारत में आजकल हर तीसरा-चौथा व्यक्ति डायबिटीज, मोटापा जैसी घातक बीमारियों से ग्रसित होता जा रहा है। इसलिये ऐसे मरीजों के लिये शुगर का वैकल्पिक स्त्राsत एवं बीमारी से बचाव की आवश्यकता है। स्टीविया की पत्तियां शक्कर की तुलना में 20 से 25 गुना अधिक मीठी होने के कारण इसका व्यवसायिक उपयोग पूरे विश्व में बहुत तेजी से हो रहा है।

विदित हो कि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा स्टीविया की उन्नत खेती प्रसंस्करण, मूल्य-संवर्धन एवं विपणन के क्षेत्र में शोध कार्य किये जा रहे हैं, साथ ही इसके उत्पादों का पेटेंट प्राप्त करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। दरअसल इसकी खेती के लिये मध्यप्रदेश के वो सभी क्षेत्र उपयुक्त हैं, जहां जल भराव की समस्या नहीं होंने के साथ-साथ सिंचाई की समुचित व्यवस्था है। स्टीविया की खेती से परंपरागत कृषि फसलों की तुलना में तीन गुना तक अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

## श्री नव चण्डी महायज्ञ का समापन

**जबलपुर।** नव शक्ति मित्र मंडल, महिला मंडल एवं शक्तिनगर महाकाली समिति के तत्वावधान में श्री नव चण्डी महायज्ञ एवं शक्ति उपासना का आयोजन 9 से 17 अप्रैल तक प्राचीन माँ सिद्धी दात्री मंदिर 90 क्वाटर, शक्तिनगर में किया गया। नवमी पर पूर्णाहुति के साथ कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन हुआ। इसके बाद यज्ञ स्थल से जवारा चल समारोह निकला। पूजन आचार्य ज्ञानेन्द्र पाठक ने कराया। जवारे यात्रा में प्रशांत सिजरिया, गणेश तिवारी चंदन कोरी, किशोर सूर्यवंशी संदीप शर्मा अंकित श्रीवास्तव तनु सीताराम पांडे, हर्ष ठाकुर, हर्षित श्रीवास्तव, आशु नामदेव, छोटू सोनी, नवीन शर्मा, दीपक नाथ, हेमा मल्हार, अरुण वर्मा, रेखा माखन, कल्पना महाजन, श्यामा सूर्यवंशी, पवार आंटी, आरती तिवारी, रागिनी गुप्ता दीप्ती पाण्डे, नीता सीजारिया, रानी रामटेके, पिंकी दुबे, मीनू लाल, प्रिया चावला, नमीता लाल, काजल तिवारी, सरोज प्रधान, प्रीति तिवारी आदि शामिल रही।

## स्वामी राघव देवाचार्य महाराज ने मतदान करने किया आग्रह

**जबलपुर।** जगद्गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य महाराज संस्कारधानी जबलपुर (म.प्र) ने भारत के समस्त नागरिकों से आग्रह किया है कि चुनाव हमारे लोकतंत्र का महापर्व देश और प्रदेश को विकास और सुशासन के पद पर अग्रसर रखने का एक माध्यम है, इस पर्व में हम सब सहभागी बनें और अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान की तिथि पर मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें एवं अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करें और बदलते भारत, बढ़ते भारत को सशक्त एवं विकसित भारत निर्माण के लिए अपना योगदान प्रदान करें।



## जवारा जुलूस





**मझौली।** चैत्र नवरात्रिः नवमीं के दिन श्रद्धा भाव भक्ति से जवारे कलश का विसर्जन किया गया। नगर में रखे हुए मुख्य मुख्य जगह पर रखें हुए दिवालों में रखें हुए जवारे का विसर्जन नगर के मुख्यमार्ग से होते हुए नगर से लगे हुए दुर्गा घाट तालाब में सभी जवारों का विसर्जन किया गया।

## महावीर जयंती पर किया निराश्रितों को वस्त्र दान




**जबलपुर।** श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर सेंट्रल जेल सामने, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित स्वाधार होम संस्था में वस्त्र, बर्तन आदि दान कर पुण्य अर्जन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती साधना, राखी, रीता, आरती, ज्योति,रितु,नन्दा,भारती,सुषमा, निवेदिता जैन एवं अध्यक्ष मनोज जैन,सचिव,रावजि जैन,अरविंद जैन,सहित बड़ी संख्या में ग्रुप सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन अंशुमान शुक्ला एवं रितु जैन द्वारा संतोष लहरी एवं अजय जैन के सहयोग द्वारा की गई।




**श्रीमती धना बाई तिवारी-** जबलपुर, शहपुरा ग्राम टिकरी निवासी धना बाईं तिवारी का 89 वर्ष की आयु में गुरुवार को निधन हो गया। आप राधेश्याम उपाध्याय की सास, गोविंद प्रसाद तिवारी की मां थी। अंतिम संस्कार सरस्वती घाट में संपन्न हुआ।



**श्री रमेश-** लियो कम्पाउंड सदर निवासी श्री रमेश (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलाबराय जगत्यानी-** गुडविल काम्पलेक्स नेयिपर टाउन निवासी श्री गुलाबराय जगत्यानी (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम सेवक चौरसिया-** वृंदावन गली दीक्षितपुरा निवासी श्री राम सेवक चौरसिया (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश-** हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री ओम प्रकाश (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शांति वर्मा-** गली नं. 17, शांति नगर दमोहनाका रोड निवासी श्री महेश प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति वर्मा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रणवीर सिंह-** अर्बन विला चग्गर फार्म तिलहरी निवासी श्री रणवीर सिंह (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रतनमाला ठाकुर-** रेलवे क्रासिंग के पास गुलौआ गढ़ा निवासी श्री लायक सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रतनमाला ठाकुर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली-** बिलहरी निवासी श्री गनेश राम की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# कलेक्टर व एसपी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जबलपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने गोहलपुर, मोतीनाला, हनुमानताल, रांझी, करौंदी आदि क्षेत्र में पहुंचकर मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया तथा मतदान दल से व्यदवस्थो व निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाताओं को वोटर पर्ची के साथ फोटो युक्त मतदाता परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा।**

मतदाता के पहचान के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्यत पहचान पत्र ला सकते है। इस दौरान उन्हों ने मतदान के पूर्व मॉकपोल करने, मतदान केन्द्रर में मोबाईल पूर्णतः प्रतिबंधित करने, ईव्हीएम के संचालन, वोटिंग कम्पार्टमेंट, मतदान दलों व निर्वाचन अभिकर्ता के बैठने की जगह आदि विभिन्नब विषयों पर मतदान दल के सदस्यन से चर्चा कर आवश्य क निर्देश दिये। इसके साथ ही सुरक्षा व्यनवस्थाब व मतदान दल के रूकने व भोजन आदि को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के एआरओ भी उपस्थित थे।





रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर कसा तंज

# कांग्रेस का 'राहुलयान' न लॉन्च हो पाया न लैंड... पिछली बार अमेठी में हार के बाद उनमें वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं

लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है और आज पहले चरण की वोटिंग होगी। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने केरल की एक चुनाव रैली में कांग्रेस के राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि अमेठी में राहुल अपनी हार के बाद यूपी से केरल पलायन कर गए हैं।

एजेंसी ▶▶ पत्तनमथिट्टा/केरल

लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है और आज पहले चरण की वोटिंग होगी। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर के साणंद में रोडशो निकाला। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरल के कासारगोड, वडकारा, कन्नूर, पत्तनमथिट्टा, मावेलीक्करा, कोल्लम क्षेत्र में ताबड़तोड़ रैलियां की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने असम के गोलपारा और कोकराझार में जनसभा को संबोधित किया। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से सांसद राहुल गांधी ने केरल के कन्नूर में चुनावी सभा को संबोधित किया।

केंद्रीय रक्षा मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। केरल के पत्तनमथिट्टा में भाजपा उम्मीदवार अनिल के एंटनी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'कांग्रेस पार्टी का 'राहुलयान' न तो 'लॉन्च' हो पाया और न ही कहीं 'लैंड' कर पाया। उन्होंने कहा कि राहलु 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार गए थे, इसलिए उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। राजनाथ ने कहा कि राहुल गांधी अपनी हार के बाद यूपी से केरल पलायन कर गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि वायनाड के लोगों ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद नहीं बनाने का फैसला किया है। राजनाथ ने कहा कि देश में विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रम और परियोजनाएं लॉन्च की जा रही हैं लेकिन कांग्रेस के युवा नेता पिछले 20 वर्षों में भी 'लॉन्च' नहीं हो पाए।

एके एंटनी सिद्धांतवादी व्यक्ति, उनकी अपनी मजबूरियां

कांग्रेस के युवा नेता 20 वर्षों में भी लॉन्च नहीं हो पाए

## राजनाथ सिंह ने केरल में की ताबड़तोड़ रैलियां



### पिता होने के नाते बेटे को दें आशीर्वाद

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं जानता हूं कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी सिद्धांतवादी व्यक्ति हैं और मैं उनकी मजबूरियां समझता हूं। उनके लिए अनिल एंटनी का समर्थन करना मुश्किल है। हालांकि मैं उनसे कहना चाहूंगा कि अनिल आपका बेटा है। उन्होंने कहा कि भले ही एके एंटनी अपने बेटे को वोट न दें या उनके लिए वोट नहीं मांगे, लेकिन आप उनके पिता हैं और इस नाते मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आपका आशीर्वाद उनके साथ हो। केरल में लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल को होंगे और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

### वामपंथी कुप्रबंधन के कारण केरल में हालात खराब

सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और कांग्रेस नीत एलडीएफ की सरकारों के कारण केरल की हालत खराब है। उन्होंने लोगों से भाजपा को सशक्त बनाने का आग्रह किया। सिंह ने केरल की आर्थिक समस्याओं के मुद्दे पर भी एलडीएफ पर हमला किया और कहा कि ये वामपंथी प्रशासन के कुप्रबंधन के कारण पैदा हुई हैं, उच्चतम न्यायालय ने भी इस बात को माना है।

### शाह का साणंद में मेगा रोड शो



### नरेंद्र मोदी को फिर से बनाएं प्रधानमंत्री


**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के साणंद में रोडशो निकाला। इसी संसदीय क्षेत्र से वह लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हैं। विशेष रूप से तैयार किए गए वाहन में खड़े अमित शाह ने एपीएमसी चौक से नालसरोवर चौक तक इस रोडशो के दौरान बड़ी संख्या में जुटे लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। शाह ने अहमदाबाद के साणंद के बाद, गांधीनगर जिले के कलोल शहर और अहमदाबाद के वेजालपुर क्षेत्र में रोडशो करने के बाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि मैं अपने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के भाइयों और बहनों से देश को हर क्षेत्र में नंबर वन और गांधीनगर को देश के सबसे विकसित लोकसभा क्षेत्रों में से एक बनाने हेतु फिर एक बार कमल खिलाने और मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान करता हूं।

### मोदी सरकार के कार्यकाल में ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सका: नड्डा



**कोकराझार (असम)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर को 'अलग-थलग' रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के कारण ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सका। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की नीति पूर्वोत्तर को अलग-थलग और अंधेरे में रखना थी। यह मोदी और हिमंत विश्व शर्मा की सरकारें हैं जिन्होंने आपको देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की दिशा में काम किया। मोदी शासन के तहत विशेष रूप से बोडो उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतें हुए।

### रवि किशन करवाएं डीएनए टेस्ट तभी खत्म होगा विवाद



सोमवार को अपर्णा ठाकुर नाम की एक महिला ने भोजपुरी स्टार और गोरखपुर से भाजपा प्रत्याशी रवि किशन के अपनी बेटी का पिता होने का दावा किया था। अपर्णा ठाकुर का कहना था कि उनकी 25 साल की बेटी शिनोवा, रवि किशन की बेटी है। शिनोवा ने कहा है कि इस विवाद को खत्म करने के लिए रवि किशन का पैटरनिटी टेस्ट करवाया जाए। बता दें, रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने अपर्णा और उनकी बेटी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

### 6 किलोमीटर पैदल चलकर आएंगे वोटर



**सुकमा।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट वोटिंग होगी। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्रों कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। कोंटा विधानसभा क्षेत्र के सामसट्टी में मतदान चुनौतीपूर्ण होगा। क्योंकि, मतदान केंद्र तक आने के लिए मतदाताओं को 6 किमी पैदल चलकर आना होगा। यहां सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही वोटिंग होगी। यह घोर नक्सली इलाका है। यहां कुल मतदाता 614 है। इनमें 342 महिला और 272 पुरुष वोटर हैं।

### विपक्षी गठबंधन डरा-धमका रहा: भाजपा

भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों के नेता 'डराने-धमकाने' की राजनीति कर रहे हैं और निर्वाचन आयोग को विपक्षी नेताओं के हालिया बयानों का स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता नजरुल इस्लाम ने पिछले दिनों "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 400 फुट नीचे दफनाने की खुलेआम धमकी दी थी।'

### महबूबा मुफ्ती ने नामांकन दाखिल किया



अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। यहां लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। पार्टी के कई नेताओं और सैकड़ों समर्थकों के साथ महबूबा अनंतनाग के उपायुक्त और निर्वाचन अधिकारी सैयद फखरुद्दीन के कार्यालय में अपना नामकन पत्र दाखिल करने पहुंचीं।




## भाजपा देश में अशांति पैदा कर रही है : राहुल

**कन्नूर (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह देश में अशांति पैदा कर देश के लाखों लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। राहुल ने कहा कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है जबकि कांग्रेस वैचारिक भिन्नता को स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि नौकरशाही, न्यायपालिका, निर्वाचन आयोग, पुलिस, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियां संविधान और भारतीय नागरिकों के अधिकारों की संरक्षक मानी जाती हैं। भाजपा इन संस्थानों पर कब्जा कर, ईडी और सीबीआई को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम बहु भाषाओं, परंपराओं, अलग-अलग इतिहास और हमारे सभी लोगों के विचारों को स्वीकार करते हैं। लेकिन भाजपा भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र, एक भाषा थोपना चाहती है। राहलु कन्नूर से चुनाव लड़ रहे केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष के. सुधाकरण और कासरगोड से उम्मीदवार राजमोहन उन्निथन के लिए प्रचार कर रहे थे।



### सुनेत्रा पवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**बारामती।** अजित पवार की पत्नी और बारामती सीट से एनसीपी की उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के दौरान महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस, एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले मौजूद थे।

## खबर संक्षेप


### बृजभूषण के खिलाफ आदेश स्थगित किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी।



### 'जय श्री राम' बोलने पर किया हमला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर तीन लोगों पर कथित तौर पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि यहां चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी और उसके सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं।



### परांठे पर टैक्स का मामला हाई कोर्ट पहुंचा

**तिरुवंतपुरम।** केरल हाई कोर्ट में लच्छा पराठा पर ज्यादा जीएसटी को लेकर एक याचिका हाई कोर्ट पहुंची। अदालत में इस मसले पर जोरदार बहस भी हुई। सुनवाई में अदालत ने पाया कि पराठे जिन सामग्रियों से तैयार हो रहे हैं, उन पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इस पर अदालत ने फैसला सुनाया कि ऐसे में पराठे पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाना गलत है।



रामनवमी पर मुर्शिदाबाद में पथराव को लेकर शुभेंदु अधिकारी की गवर्नर को चिट्ठी

# हमारा दफ्तर जलाने की हुई कोशिश एनआईए करे जांच, स्थितियां बेकाबू

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषणों से रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुईं। इसकी मांग एनआईए से करते हुए उन्होंने राज्यपाल को चिट्ठी लिखी है।

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

मुर्शिदाबाद के शक्तिपुर इलाके में रामनवमी के जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को रामनवमी पर हुई झड़प को लेकर चिट्ठी लिखी है। उन्होंने मुर्शिदाबाद के रेजीनगर इलाके में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई झड़पों की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। उन्होंने टीएमसी पर आरोप लगाया कि नंदीग्राम में भाजपा का दफ्तर जला दिया गया। बता दें, रामनवमी के दिन जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है।

चुनाव आयोग सीएम ममता बेनर्जी पर करे कार्रवाई

शोभायात्रा पर बरसाए गए हैं पत्थर



### रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषण की वजह से पश्चिम बंगाल राज्य में अलग-अलग जगहों पर रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया गया और उन पर हमला किया गया। उपद्रवियों को उकसाया गया। उपद्रवियों को आश्वासन दिया गया था कि कानून प्रवर्तन एजेंसी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी क्योंकि उनके हाथ बंधे हुए हैं।

### कानून व्यवस्था को नियंत्रित करें

अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल को रामनवमी के अवसर पर निकाले गए जुलूसों पर हुए हमलों के संबंध में जानकारी दी। उनसे कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने के साथ-साथ घटनाओं की जांच एनआईए जांच करने का आग्रह किया।

### पूर्वी मेदिनीपुर में हुई हिंसा

रामनवमी के अवसर पर केवल मुर्शिदाबाद ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में भी हिंसक झड़प देखने को मिली थी। यहां पर हुई हिंसा में तकरीबन 4 लोग घायल हो गए। भाजपा ने आरोप लगाया कि शोभायात्रा पर पत्थर बरसाए गए।

ईडी ने अदालत से कहा

# केजरीवाल 'टाइप 2' मधुमेह होने के बावजूद खा रहे आम व मिठाई

ऐसा चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए कर रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 'टाइप 2' मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च चीनी वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने यह दावा किया। उधर, आतिशी ने कहा कि केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश हो रही है।

ईडी ने कहा कि टाइप 2 डायबिटीज होने के बावजूद अरविंद केजरीवाल उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं। वह प्रतिदिन आलू पूड़ी, आम, मिठाई खा रहे हैं।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गुरुवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है। अब मामले की सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।

### खान ईडी के सामने पेश

आप के विधायक अमानतुल्ला खान को धन शोधन संबंधी एक मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुए। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में खान की अध्यक्षता के दौरान हुई कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में अग्रिम जमानत देने से इंकार के बाद ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया।

दिल्ली हवाई अड्डे पर दो गिरफ्तार

# 1.21 करोड़ रुपए का सोना बरामद, तस्करी का शक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.21 करोड़ रुपए मूल्य का सोना तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए सोने का वजन 1.89 किलोग्राम है।

जानकारी के मुताबिक, जेद्दा से आए आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को यहां पहुंचने पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया था। यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान रबर जैसी चीज में लिपटे पीले रंग के रासायनिक पेस्ट वाले तीन अंडाकार कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें सोना होने का संदेह था।



### सोने की ईंट बरामद की

कैप्सूल को बाहर निकालने के बाद यात्री के पास से एक असमान आकार की सोने की ईंट बरामद की गई, जिसका वजन 917.3 ग्राम था। इस ईंट का मूल्य 59.81 लाख रुपए है। एक दूसरे मामले में सोमवार को जेद्दा से आये एक अन्य यात्री को रोका गया। यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान उसके शरीर से तीन अंडाकार आकार के कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें पेस्ट के रूप में सोना होने का संदेह था।

छात्रों के भगवा कपड़े पहनकर आने पर प्रवेश की नहीं दी इजाजत

तेलंगाना के मिशनरी स्कूल में बढ़ा विवाद

# गुस्साए लोगों ने जमकर की तोड़फोड़, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के मंचेरियल जिले के एक मिशनरी मंडली के द्वारा स्कूल में भगवा रंग के कपड़े पहनकर आए छात्रों को रोक दिया गया था। जब इस बात की जानकारी लोगों को लगी तो वे भड़क गए। लोगों की नाराज भीड़ ने स्कूल में तोड़फोड़ की। यह घटना 16 अप्रैल को उत्तरी तेलंगाना जिले के कन्नेपल्ली गांव में लक्सेटिपेट के सेंट मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुई।

मंचेरियल के डीसीपी ने बताया कि स्कूल में एग्जाम चल रहे थे। पेपर के बाद प्रिंसिपल ने कहा कि वे वर्दी पहनकर आएं और अगर वे भगवाधारी कपड़े पहनना चाहतें हैं तो उन्हें इस बात की इजाजत लेनी होगी। इस बात पर लोग भड़क गए। पहले भी प्रिंसिपल के खिलाफ कुछ शिकायतें थीं और यह बात ज्यादातर लोग जानते थे।

### पुलिस ने दर्ज किया केस




पुलिस ने स्कूल प्रशासन पर आईपीसी की धारा 153ए और 295-ए के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, तोड़फोड़ करने वालों पर आईपीसी की धारा 323, 427, 452, 506 और 143 के साथ 149 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### स्कूल में जबरदस्ती घुसने की कोशिश

स्कूल प्रशासन ने अपनी शिकायत में कहा कि मंगलवार की सुबह करीब 500 से ज्यादा लोग स्कूल पहुंच गए। उन लोगों ने करीब चार घंटे तक स्कूल पर हमला किया। कुछ लोगों ने स्कूल में जबरदस्ती घुसने की कोशिश की। इतना ही नहीं, स्कूल स्टॉफ के साथ मारपीट और खिड़कियों को भी तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा की एक मूर्ति और गेट तोड़ दिया गया है।

### पुलिस ने दर्ज की दो एफआईआर

स्टूडेंट के माता-पिता और स्कूल प्रशासन की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस सभी वीडियों की जांच कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस को दी गई शिकायत में एक छात्र के माता-पिता ने कहा कि उनके बेटे और चौथी कक्षा में पढ़ने वाले एक अन्य साथी को हनुमान दीक्षा के कपड़े पहनने की वजह से स्कूल में एंट्री नहीं करने दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने जानबूझकर उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।



# 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का रजिस्ट्रेशन 26 से शुरू

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने बड़े पर्दे के साथ छोटे पर्दे पर भी अपनी छाप छोड़ी हैं। उनके लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को दर्शक काफी पसंद करते हैं। अब यह अपने नए सीजन के साथ वापस आ रहा है। अमिताभ ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का ऐलान कर दिया है। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का प्रोमो सामने आ चुका है, जिसे देख प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं। आइए जानते हैं शो के रजिस्ट्रेशन कब से शुरू होंगे। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को आप सोनी टीवी पर देख सकते हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई। चैनल ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'ऐसा मिला प्यार की लौट रहा है।

लाइफ Style

# सोनाली

## 'द ब्रोकन न्यूज 2' का ट्रेलर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोनाली बेंद्रे की वेब सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज' को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। यह सीरीज 10 जून, 2022 में जी5 पर रिलीज हुई थी। 'द ब्रोकन न्यूज' की सफलता को देखते हुए हाल ही में निर्माताओं ने सीरीज की दूसरी किस्त का ऐलान किया, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अब 'द ब्रोकन न्यूज' की दूसरी किस्त की रिलीज तारीख से पर्दा उठ चुका है। इसके साथ निर्माताओं ने सीरीज का ट्रेलर जारी कर दिया है। जयदीप अहलावत, श्रिया पिलगांवकर, इंद्रनील सेनगुप्ता, तारुक रैना, आकाश खुराना और किरण कुमार भी इसका हिस्सा हैं। विनय वाइकुल ने इस सीरीज का निर्देशन किया है। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। समीर गोगेट इस सीरीज के निर्माता हैं। 'द ब्रोकन न्यूज' का प्रीमियर 3 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेकिंग न्यूज की नई कहानी, सच भी बनेगा सनसनीखेज।' बता दें कि कैंसर की बीमारी ने सोनाली के साथ साथ उनके फैन्स को भी सदमे में डाल दिया। कैंसर का इलाज करने के लिए वे न्यूयॉर्क गईं, जहां कुछ महीनों तक उनका इलाज चला। इसके बाद उन्होंने कैंसर को मात दे दी। सोनाली ने साल 2002 में फिल्म प्रोड्यूसर गोल्डी बहल के साथ शादी की। इसके बाद कुछ समय के लिए सिनेमा से दूर हो गईं। फिल्मों के अलावा फिलहाल टीवी शोज में बतौर जज सोनाली काफी एक्टिव थीं। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने 19 साल की उम्र में ही अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत कर दी थी।



हॉलीवुड मसाला




# 'मंकी मैन' को मिल रहा भरपूर प्यार

**लॉस एंजिलस।** सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'मंकी मैन' के साथ ओस्कर-नॉमिनेटेड देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। यह एक एक्शन-पैक्ड रिवेंज टेल है, जो अब आखिरकार थिएटरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है, क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है, और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खींच रहा है।




# टाइटैनिक का हीरो 49 का, 29 की गर्लफ्रेंड संग हुआ स्पॉट...

**लॉस एंजिलस।** लियोनार्डो डिकैप्रियो और गीगी हदीद का रोमांस एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है, अफवाह है कि इस जोड़ी को एक बार फिर एक साथ देखा गया है। ऑस्कर विजेता एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो और सुपरमॉडल गीगी हदीद के बीच रोमांस काफी समय से हॉलीवुड खबरों का फेवरेट सबजेक्ट रहा है। पिछले साल सितंबर में डेटिंग की अफवाहें फैलने के बाद, डिकैप्रियो और हदीद ने अपने ब्रेक-अप और पैच-अप की अटकलों से कई बार नेटिज़न्स और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया। अब एक बार फिर दोनों साथ में नजर आए। भले ही डिकैप्रियो 49 साल के हैं और हदीद 29 साल की हैं, लेकिन दोनों की जोड़ी को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। उम्र का अंतर इस रोमांटिक कपल के सामने फीका लगता है।




# धोनी पर बनी रही एक और फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर खड़े नजर आ रहे हैं, जिनकी जो अपने दोनों हाथ ऊपर की और उठाए खड़े हैं, साथ ही उनकी पीठ दिखाई दे रही है। दोनों इंडियन जर्सी पहने नजर आ रहे हैं, जिस पर दोनों के नाम 'महिमा' और 'महेंद्र' लिखा नजर आ रहा है।



# अक्षय साउथ में कदम रखने को तैयार

**मुंबई।** अक्षय कुमार को इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में देखा जा रहा है। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अक्षय की आने वाली फिल्मों में 'सिंघम अगेन', 'वेलकम टू द जंगल', 'फिर हेरा फेरी 3' और 'शंकरा' शामिल हैं। अब अक्षय दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही फंतासी ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' की स्टार कास्ट में अक्षय शामिल हो गए हैं। 'कन्नप्पा' विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। विष्णु ने अक्षय का स्वागत करते हुए लिखा, 'यह यात्रा और अधिक रोमांचक हो गई है क्योंकि हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म सिनेमा में स्वागत कर रहे हैं।

टीवी मसाला



# कपिल को मिला था अमर सिंह चमकीला का ऑफर

**नई दिल्ली।** द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया एपिसोड अब तक का सबसे मनोरंजक था और इसे देखने वाले दर्शकों ने खूब एंजॉय किया क्योंकि इसमें दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और इम्तियाज अली अपनी नई फिल्म अमर सिंह चमकीला का प्रमोशन करते नजर आए थे। इस दौरान सभी ने एक दूसरे के साथ काफी मस्ती की और लोगों को हंसाया। कपिल शर्मा ने हाल ही में शो की शूटिंग के पीछे का एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने ऐसा खुलासा किया कि उसे जानकर लोग हैरान रह गए। क्लिप में कपिल शर्मा ने बताया कि उन्हें फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिए एआर रहमान का फोन आया था, लेकिन वो मिस कर गए और फिर जब उनके कॉल के सच का पता चला तो वो पूरी रात रोते रहे।

***कपिल को आया था एआर रहमान का फोन :*** कपिल शर्मा ने एआर रहमान की जिस कॉल के मिस होने का खुलासा किया, वो उनके एक्टिंग करियर के लिए कारगर साबित हो सकती थी क्योंकि वो देश के लोकप्रिय क्रमेडियन इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनें लेकिन तब कपिल शर्मा को लगा कि रहमान सिर्फ दोस्ताना व्यवहार कर रहे हैं।

***विदेश में रहने के कारण कॉल मिस की :*** पर्दे के पीछे की क्लिप में कपिल ने जिक्र किया कि उन्होंने फिल्म के म्यूजिकल एआर रहमान की कॉल मिस कर दी, क्योंकि वो विदेश में थे। कपिल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, 'मैं एक दिन रहमान सर से मिला और उन्होंने कहा, 'मैंने तुम्हें चमकीला के लिए बुलाया था। कपिल ने आगे बताया कि 'मुझे लगता है कि वो चाहते थे कि मैं कोई गाना या कुछ और गाऊं मुझे लगा कि वो मेरे साथ सिर्फ मीठी-मीठी बातें कर रहे थे।

***मौका खोकर रातभर रोए कपिल शर्मा :*** वहीं इम्तियाज ने कहा कि रहमान ने कपिल की सिंगिंग के बारे में बात की थी। कपिल ने कहा, 'उन्होंने मुझसे ये बात सीरियस अंदाज में कही। मैंने कहा, 'सर हम विदेश में थे और इसीलिए हम एक-दूसरे से बात नहीं कर सके। यह दुर्भाग्यपूर्ण था।

## दमदार है अमर सिंह चमकीला की कहानी

बता दें कि फिल्म की समीक्षा में कहा गया, 'हीरो के रूप में दिलजीत ने शानदार अभिनय किया है। अमर सिंह चमकीला का किरदार उनके लिए ही बनाया गया है और वो इसमें अपना दिल लगा देते हैं। उनकी कड़ी मेहनत स्पष्ट है और फिर भी उनका प्रदर्शन सहज है। उन्हें चमकीला बनते और उनके गाने गाते हुए देखना आपके दिल को अनूठे आनंद से भर देगा। यहां तक कि कुछ भारी-भरकम सीन्स में भी, वो एक दुर्लभ संयम सामने लाते हैं और शिष्टता की एक पूरी नई परत प्रस्तुत करते हैं। निस्संदेह, यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और बीच में कहीं, आप उसे चमकीला के साथ एक होते हुए देखेंगे और बहुत जल्द, आप उन ताकतों को अलग नहीं कर पाएंगे जिन्होंने पंजाब के संगीत उद्योग को हमेशा के लिए बदल दिया।

# जूनियर एनटीआर ने पहनी बेहद महंगी घड़ी

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जान-माने अभिनेता जूनियर एनटीआर का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, हाल ही में एनटीआर को मुंबई में एक स्टूडियो के बाहर देखा गया था, जहां उनकी घड़ी ने सबका ध्यान खींच लिया। एनटीआर ने रिचर्ड मिल्ली की घड़ी पहनी हुई थी, जिसकी कीमत हर कोई जानना चाहता है। मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता की इस घड़ी की कीमत 7.5 करोड़ रुपये है। एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। सैफ अली खान भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म अब 10 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी।



# माधुरी-विद्या 'भूल भुलैया 3' में लगाएंगी डांस का तड़का

**मुंबई।** बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' के नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जहां कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं, वहीं अभिनेत्री विद्या बालन भी अपनी शानदार अदाकारी के चलते खूब वाहवाही लूटती हैं। अब ये दोनों अभिनेत्रियां फिल्म 'भूल भुलैया 3' के लिए साथ आ रही हैं। खास बात यह है कि निर्माताओं ने उन पर एक डांस नंबर फिल्माने का फैसला किया है।

***अमी जे तोमार नाम के गाने पर थिरकेंगी दोनों :*** रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म में एक स्पेशल डांस नंबर रखा है, जो इसके मुख्य आकर्षणों में से एक होगा। इस गाने में माधुरी और विद्या पहली बार साथ पर्दे पर थिरकती नजर आएंगी। फिल्म का यह गाना बेहद खास होगा। निर्माता भूषण कुमार विद्या और माधुरी पर 'अमी जे तोमार' नाम का गाना फिल्माने जा रहे हैं। गाने की शूटिंग के लिए लोकेशन पर फिलहाल विचार किया जा रहा है। इसकी शूटिंग अगले महीने हो सकती है।

***कार्तिक भी मचाएंगे धमाल :*** रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि यह गाना बड़ा धमाकेदार रहने वाला है और इसके बोल कुछ ऐसे होंगे, जो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देंगे। फिल्म के हीरो कार्तिक आर्यन भी इस गाने में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म का यह गाना सभी मुख्य किरदारों को ध्यान में रखकर लिखा गया है। यह गाना फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ाने के लिए रखा गया है। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग चल रही है।

## 'भूल भुलैया' में 'मंजुलिका' बन विद्या ने जीता था दिल

विद्या 2007 में आई 'भूल भुलैया' की पहली किस्त का हिस्सा थीं, जिसमें वह अवनि और मंजुलिका के किरदार में दिखी थीं। इस फिल्म में अक्षय और शाइनी आहूजा भी शामिल थे। इसके बाद 2022 में फिल्म की दूसरी किस्त आई, जिसमें कार्तिक के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी बनी और तब्बू भी नजर आई थीं। अब अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही 'भूल भुलैया 3' आएगी, जिसके लिए कार्तिक और विद्या ने पहली बार हाथ मिलाया है।

***विद्या की 1 फिल्म कतार में, माधुरी के हाथ में नहीं कोई फिल्म :*** विद्या फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर भी चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार अभिनेता प्रतीक गांधी और इलियाना डिक्रूज नजर आएंगी। पिछले दिनों फिल्म का ट्रेलर सामने आया था, जिसमें खासतौर से विद्या की काफी तारीफ हुई थी। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। उधर माधुरी को आखिरी बार 2022 में फिल्म 'मजा मा' में देखा गया था।



दादासाहेब फाल्के की है लंका दहन साइलेंट मूवी, एक ही शख्स ने निभाया राम-सिया का किरदार

# 107 साल पहले बनी थी भगवान राम पर पहली फिल्म

*नए दौर में नए विजुअल इफेक्ट्स और बड़े बड़े कलाकारों के साथ फिल्मी पर्दे पर आई फिल्म आदिपुरुष कोई कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन आज से 107 साल पहले जब भगवान राम की कहानी फिल्मी पर्दे पर आई थी तो थियेटर में दर्शकों की लाइन लग गई थी। बता दें कि उस रामायण में न आवाज थी न कोई भारी भरकम एक्ट्रेस।*

## थियेटर्स में मंदिर जैसा माहौल, दर्शक जूते-चप्पल उतारकर जाते थे भीतर

**नई दिल्ली।** दिलचस्प बात तो ये है कि राम और सिया का रोल प्ले करने के लिए एक ही शख्स को चुना गया। वही फिल्म का राम था और वही सीता भी। उसके बावजूद थियेटर्स में पूरी तरह मंदिर जैसा माहौल रहता था। दर्शक भीतर जाने से पहले जूते और चप्पल निकालकर जाया करते थे। इस रामायण को दादा साहब फाल्के ने लंका दहन के नाम से बनाया था।

### फिल्मों के लिए नहीं मिलती थी हीरोइन

इस फिल्म की खास बात ये थे कि फिल्म के लिए दादा साहब फाल्के को हीरोइन नहीं मिला करती थीं। साल 1913 में दादा साहब ने हरिश्चंद्र फिल्म बनाई। इस फिल्म में भी हीरोइन का रोल अदा किया अन्ना सालुंके नाम के शख्स ने। उनके पतले हाथ और दुबला पतला



डील डौल महिला का किरदार निभाने के लिए बिलकुल उपयुक्त था। इसलिए जब 1917 में दादा साहब ने लंका दहन बनाना शुरु की तो अन्ना सालुंके को ही सीता का रोल दिया। चुनौती थी पुरुष का किरदार अदा करने की लेकिन अन्ना सालुंके ने अपने हाव भाव और बॉडी लेंग्वेज पर इतना काम किया कि वो राम के किरदार में भी फिट बैठे और उन्होंने ही राम का किरदार भी निभाया।

### डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बने

राम और सीता दोनों का रोल कर अन्ना सालुंके तो हिंदी सिनेमा के डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बन गए। सबसे बड़ी बात ये थी कि लोगों ने भी उन्हें दोनों रोल में अपनाया। राम सीता की रामायण देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग थियेटर तक पहुंचे। नई टेक्निक से डबल या तीन रोल करना आज के कलाकारों के लिए भले ही आसान हो गया है लेकिन सोचिए कि आज से 107 साल पहले डबल रोल वाली फिल्म को बनाने में कितनी न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा।

### बिना आवाज के जगाया भक्तिभाव

बता दें कि इस फिल्म की छवि कुछ ऐसी बनी कि लोग कलाकारों को भगवान का ही दर्जा देने लगे। उस जमाने में यह फिल्म जिस थियेटर में लगी थी वहां भक्तिभाव का आलम ये था कि लोग जूते-चप्पल उतार कर ही सिनेमा हॉल के भीतर जाते थे। हालांकि फिल्म में कोई आवाज नहीं थी। उसके बाद भी भगवान के प्रति भक्ति का संदेश लोगों तक साफ साफ पहुंचा।